नईदुनिया

जनजातीय अंचलों में प्रकृति के प्रति आभार जताने का पर्व है दीपावली

वनदेवी, ठाकुर बाबा और बघासुर के स्थान पर करते हैं दीपदान, खेतों में दीप जलाकर फसल की करते हैं पूजा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली का पर्व जनजातीय अंचलों में विशेष परंपराओं और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के भाव के साथ मनाया जाता है।

यहां यह त्योहार केवल घरों को रोशन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जंगल, जमीन, जल, फसल और पशु-पक्षियों के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर भी है। पांच दिवसीय दीपावली के दौरान कहीं वनदेवी और ठाकुर बाबा के स्थान पर दीपदान किया जाता है, तो कहीं खेतों में दीप जलाकर अच्छी फसल और खुशहाली की कामना की जाती है।

वनांचल के गांवों में दीपावली की रात ग्रामीण एकत्रित होकर ढोल-मांदर की थाप पर पारंपरिक लोकनृत्य करते हैं। इस परंपरा को 'दिवाली जगाने' के नाम से जाना जाता है। लोकनृत्य और उत्सव का यह सिलसिला एकादशी तक चलता है। ग्रामीण टोलियां बनाकर गांव के प्रत्येक घर पहुंचते हैं और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हैं। जनजातीय समाज की इन परंपराओं में प्रकृति, संस्कृति और सामुदायिक एकजुटता का विशेष महत्व है। वनदेवी, ठाकुर बाबा और बघासुर के स्थान पर दीपदान जंगल और वन्यजीवों के प्रति आस्था को दर्शाता है, वहीं खेतों में दीप जलाना फसल और श्रम के सम्मान का प्रतीक है।

महिलाओं ने बनाए 16 लाख मिट्टी और गोबर के दीपक, 26 लाख रुपए की आय

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जिले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने दीपावली पर मिट्टी और गोबर के लगभग 16 लाख दीपकों का निर्माण किया। इस पहल से महिलाओं को रोजगार के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला।

जिले के 114 स्व-सहायता समूहों की 386 सदस्यों ने दीपकों का निर्माण किया। इनके विक्रय के लिए विभिन्न विकासखंडों में 48 केंद्रों पर स्टॉल लगाए गए। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया गया और महिलाओं को सीधे आर्थिक लाभ मिला। दीपावली के दौरान इस गतिविधि से प्रत्येक सदस्य को औसतन 8 हजार से 12 हजार रुपये तक की आय हुई। इस प्रकार समूह की महिलाओं ने सामूहिक रूप से लगभग 26 लाख रुपये की अनुमानित आय अर्जित की। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय संसाधनों के उपयोग से रोजगार और स्वरोजगार का अवसर मिला। साथ ही मिट्टी और गोबर से बने पारंपरिक दीपकों के उपयोग को बढ़ावा मिला। इससे पर्यावरण अनुकूल उत्पादों के प्रति लोगों में जागरूकता भी बढ़ी। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से उत्पादन और विपणन को प्रोत्साहन मिलने से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी मजबूत हुई है।

दो साल में मप्र को दुग्ध उत्पादन में बनाएंगे देश का नंबर वन राज्यः डॉ. यादव



नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को अगले दो वर्षों में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बनाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की ग्राम पंचायतों में दूध संकलन हेतु दुग्ध सहकारी समितियां गठित की जा रही हैं। सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है। खेती के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन और उद्यानिकी को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली देने की शुरुआत की गई है। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के माध्यम से संपत्ति का कानूनी अधिकार दिया जा रहा है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम उत्कृष्ट महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। मंडला और बालाघाट में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क और रेल नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत रत्न डॉ. सी.वी. रमन की जयंती पर किया नमन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविख्यात भौतिक शास्त्री, नोबेल पुरस्कार एवं 'भारत रत्न' से सम्मानित डॉ. सी.वी. रमन की जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि डॉ. रमन की वैज्ञानिक दृष्टि एवं अतुलनीय अनुसंधान ने विश्व पटल पर भारतीय प्रतिभा का मान बढ़ाया। आपका जीवन और कृतित्व सदैव युवा पीढ़ी को ज्ञान, विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

दीपावली और छठ पर भोपाल मंडल से चलेंगी 24 विशेष ट्रेनें

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली और छठ महापर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से नवंबर में 24 विशेष ट्रेनों (12 जोड़ी) का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों से यात्रियों को देश के विभिन्न प्रमुख शहरों और धार्मिक स्थलों तक आवागमन की सुविधा मिलेगी।

त्योहारों के दौरान भोपाल, रानी कमलापति, बीना, गुना और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और टिकट जांच कर्मचारी प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वारों तथा स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी कर रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) भी चालू रखी गई हैं। इनके माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे, जिससे टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि विशेष ट्रेनों के संचालन के साथ सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रमुख ट्रेनों में रानी कमलापति-दानापुर, रानी कमलापति-रीवा, पुणे-गोरखपुर, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, हडपसर-गाजीपुर सिटी और उधना-प्रयागराज स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। इनका भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर निर्धारित ठहराव रहेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद देवरी जिला सागर

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/27/1939 — देवरी दिनांक 06.11.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म0प्र0 लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रं. जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि	निविदा की अंतिम तिथि	आमंत्रण
1	2026_UAD_548399_1 07-11-2026	वार्ड क. 09 में हरिओम विश्वकर्मा के घर से गणेश मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1- 02 माह 2- 366111.00	1-2000.00 2-3700.00	23.11.2026	प्रथम
2	2026_UAD_548400_1 07-11-2026	वार्ड क. 09, 10 एवं 11 में हाईमास्ट लाईट स्थापना कार्य	1- 2 माह 2- 703446.00	1-2000.00 2-7200.00	23.11.2026	प्रथम
3	2026_UAD_548401_1 07-11-2026	पटेल वार्ड में बाबूलाल साहू के घर से चंद्रेश के घर तक, गुड्डू के घर से गोरेलाल साहू के घर तक एवं मेन रोड से योगेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1- 2 माह 2- 830581.00	1-2000.00 2-8400.00	16.11.2026	द्वितीय

नोट :-
1. सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य करने के पूर्व आई.आर.सी. कोड अनुसार क्रस्ट/पेवेमेंट डिजाईन तथा मिक्स डिजाईन का परीक्षण शासकीय संस्था/मान्यता प्राप्त पालिटेक्निक इंजिनियरिंग कालेज/NABL से कराया जाकर परीक्षण रिपोर्ट का अनुमोदन कार्यपालन यत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग सागर से कराया जाना अनिवार्य होगा।
2. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति नेहा अल्केश जैन) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद देवरी जिला सागर

(मनोहर कुमार बिंझवार) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरी जिला सागर

कार्यालय आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

मध्य प्रदेश, ईदगाह हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462001

दूरभाष : 0755-2665385, ई-मेल: cfdamp@rediffmail.com, fdampbhopal@gmail.com

क्रमांक-8/स्टोर/सा./ फर्नीचर/2025/6864 — भोपाल, दिनांक 05/11/2026

निविदा सूचना

कार्यालय आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के उपयोगार्थ फर्नीचर क्रय करने संबंधी निविदा क्रमांक GEM / 2026 / B / 8220496 जैम पोर्टल पर आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा में भाग ले सकते हैं।

जी-21212/26 — संयुक्त नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्य प्रदेश

ICICI Bank | Regd. Office: ICICI Bank Limited, Landmark, Race Course Circle, Vadodara- 390007

Corporate Office: ICICI Bank Towers, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai- 400051.

Branch Office: Office No. 201-B, 2nd Floor, WIFI IT Park, Road No.1, Plot No. B/3, Wagle Industrial Estate, Thane (West), Thane- 400604

Notice for Disclosure of Legal Heirs of Deceased Borrower

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Home Loan TBSAA00007694237/ TBSAA00007694238 (Credit facility) was granted to the deceased SHARAD CHOUBEY by ICICIBank Ltd. (The Bank). The said credit facility is secured by SHARAD CHOUBEY by creation of the security interest by way of mortgage, with respect to the property situated at Plot No A-47, PH No. 47, Shanti Niketan Colony, Near village Pathariya Hat, MADHYA PRADESH, SAGAR- 470001.

We would like to inform you that the demise of SHARAD CHOUBEY has come to our knowledge during field visits conducted by the Bank officials and by telephonic communications on the registered contact numbers. In this regard, letter dated November 6, 2026, was previously sent to the registered addresses of the Borrowers and the deceased SHARAD CHOUBEY, for providing information about the Legal Heirs of the deceased Borrower.

Therefore, this Notice is hereby given for sharing details of the Legal Heirs of the deceased SHARAD CHOUBEY with supporting documents for updating the Bank's records, within 15 days of publication of this Notice.

You may submit the above-mentioned details to Mr. Deepak Vyas by visiting ICICI BANK LTD 1ST FLOOR, H NO 938, BLOOM SQUARE NAPIER TOWN, MODEL ROAD, NEAR SHASHTRI BRIDGE, Madhya Pradesh- 482001.

Date: November 08, 2026
Place: Sagar

SD Authorised Officer
For ICICI Bank Ltd.

पश्चिम मध्य रेल

इंजीनियरिंग निर्माण शाखा मुख्या जबलपुर

खुली निविदा (दो पैकट प्रणाली)

मुख्य अभियंता/प्रोक्योरमेंट, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर द्वारा तथा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना संख्या CPCWCR-15-2026 दिनांक 05.11.2026 के विरुद्ध ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा बंद होने की तिथि 30.11.2026 को 15:00 बजे होगी। निविदाकर्ता केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकेंगे। उपर्युक्त निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने वाला कोई भी मैनुअल ऑफर अनदेखा कर दिया जाएगा। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएगी। **एनआईटी संख्या** : CPCWCR-15-2026, दिनांक : 05.11.2026, **कार्य का नाम एवं स्थान** : भोपाल में DRM ऑफिस के पास हबीबगंज में मौजूदा रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑफिस (सृजन कॉम्प्लेक्स) के ऊपर और फ्लोर्स का कंस्ट्रक्शन, हबीबगंज ऑफिसर्स कॉलोनी में 8 नए टाइप-V क्वार्टर्स का कंस्ट्रक्शन और इटारसी में कैंप ऑफिस और 2 टाइप-V क्वार्टर्स का रिपेयर और रिनोवेशन, जिसमें संबंधित इलेक्ट्रिकल और S&T काम शामिल हैं। **कार्य की अनुमानित लागत** (₹) : 231953132.34, **निविदा दस्तावेज की लागत** (₹) : 0.00, **अर्नेस्ट मनी/बयाना राशि** (₹) : 4639100.00, **पूर्णता अवधि (माह)** : 12 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद एवं खोलने की तिथि/समय : 30.11.2026, को 15:00 बजे बंद तथा 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी, निविदाकर्ताओं को अपनी बोली IREPS वेबसाइट के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रस्तुत करना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी प्राप्त करने के लिए IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in को नियमित रूप से देखते रहें। इस निविदा के लिए निविदा प्रपत्र के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानदंड लागू होंगे। (हस्ता.)

उप मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट) मुख्या/निर्माण, प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

सूडोकु नवताल- 7954

सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	


Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7953 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7627




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7626 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9035




बाएँ से दाएँ

1. खटपट,उनाऊनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमेल,लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड,दम,शासन-3
9. धरा,भूमि-3
11. शासन व्यवस्था,रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया,करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि,देवमुनि-3
20. सब्जी,भाजी-4
22. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4

ऊपर से नीचे


1. गुनाह,दोष,जुर्म-3
2. अपराधमुक्त,निवृत्त-2
3. सौत,दूसरी स्त्री-3
4. होशियार,गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद,तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह,भवन-3
21. जीवन,जीव, स्फूर्ति-2

शब्द पहेली -9034 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7466



ऊपर से नीचेः-

१. दिलीपकुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-३
२. 'मैं शायर तो नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'तू मेरे पास भी' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज बाजपेयी, उर्मिला की फिल्म-२
४. अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
५. अरविंद स्वामी, मधु की फिल्म-२
६. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेंद्र कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, बबीता की 'दांतों तले दबा कर होंठ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'अंबर हमारा रास्ता' गीत वाली अरूण, रघुवरन, बेबी शामली, श्रुति की फिल्म-३
१५. कमल हासन, शाहरूख, रानी की 'चाहे पंडित हो' गीत वाली फिल्म-१,२
१६. 'मेरे संग संग आया' गीत वाली धर्मेन्द्र, राजेश खन्ना, विनोद, हेमा की फिल्म-४
१७. शॉवरअली, ब्रजेश हीरजी, जूही, शिल्पा की 'मेरा मन भँवरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. प्रेमनाथ, बीना राय की फिल्म-३
२०. राजेश, फिरोजखान, शार्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
२५. 'सावन का महीना पवन करे' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मुझ से दोस्ती करोगे' में करीना कपूर के किरदार का नाम क्या था-२
२९. 'तेरी याद बिछा के सोता हूँ' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायेंः-

१. शाहरूख, जूही की 'चाँद तारे तोड़ लाऊँ' गीत वाली फिल्म-२,२
३. 'इस दीवाने लड़के' गीत वाली नसीर, आमिर, सोनाली की फिल्म-५
६. गोविंदा, नीलम की 'मैं तो हूँ सबका मेरा ना कोई' गीत वाली फिल्म-२
७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. 'वाटर' के निर्देशिका कौन हैं-२
१०. अमिताभ, फरदीन खान, करीना कपूर की फिल्म-२
११. श्रेयस तलपदे, आयशा की 'ये हौसला कैसे झुके' गीत वाली फिल्म-२
१३. अनिल कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-२
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की 'जिस दिल में बसा था प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो मारिया, बिपाशा की फिल्म-२
१७. अमिताभ, अजय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा नीली' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में काजोल के किरदार का नाम था-३
२०. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
२१. 'दुनिया ने सुन ली है चुपके से' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, नीतूसिंह की 'कोई रोको ना दीवाने को' गीत वाली फिल्म-४
२५. अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२६. राजेश खन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना गुमान' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
३०. 'ऐ लो प्यार के दिन' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना की फिल्म-२
३१. संजय, कुमार गौरव, पूनम 'अमीरों की शाम गरीबों' गीतवाली फिल्म-२
३२. 'फिर से आये बदरा' गीत वाली संजीव, शर्मिला, वहीदा की फिल्म-४

फिल्म वर्ग पहेली- 7465

क्रि	मि	न	ल		प	र	व	रि	श
श		ती		डो	र		र		मा
	अ	जा	म		दे	व	दा	स	
का	श		ह	व	स		न	म	क
ला		ला	ल	च		अ		झौ	
पा	य	ल		न	सी	म		ता	ल
नी		कि	ला		आ	ला	प		ड़
	त	ला	श		ई		रि	ह्म	ई
तु	म			मं	डी		णी		
	ना		श	जू		गी	ता	बा	ली

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7560

2		5	4	3		1
	33		29		33	
6	7		1			2
	42	4	29	4	25	
5		7				3
	37	6	32	2	33	7
3		1			6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7559 का हल

2	7	3	4	5	6	1
1	37	6	29	2	29	6
6	7	5	1	3	4	2
4	38	4	29	4	29	4
5	6	1	4	7	2	3
7	33	2	32	6	37	7
3	2	7	4	1	6	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8580

अ	क	ल	इं	दि	रा	गां	धी	इं	ल	ज	
र	ट	ल	दे	व	गौ	ड़ा	इं	द्र	ट	वा	
त	स	ल	ल	र्म	छ	मो	रा	कु	ख	ह	
च	ज	ज	बि	पु	र	रा	प	मा	ली	र	
म	र	दो	ग	हा	लं	र	तू	र	झ	ला	
न	क	ण	प	ह	री	जी	ना	गु	घ	ल	
मो	अ	स	सिं	या	प	दे	श	ज	ला	ने	
ह	ता	दा	ई	ह	ब	सा	फ	रा	श	ह	
न	बा	चे	न	ब्रा	जी	ई	री	ल	प	रु	
सिं	पा	ला	ल	ब	हा	दु	र	शा	स्त्री	ता	
ह	रा	जी	व	गां	धी	रा	बा	द	प	न	

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द जाल में भारत के 10 प्रधानमंत्रियों के नाम नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

जवाहरलाल नेहरु, लालबहादुर शास्त्री, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटलबिहारी, मनमोहन सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, देवगौडा

शब्दजाल - 8579 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore